हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

04 समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाएं आयोजन...

07 ओवर रेट शराब बेचना हुआ आम ग्राहकों को ...




## खबर संक्षेप

### अब 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि इसके लिए ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### 21 से 27 तक वासुदेव आश्रम में राम कथा

**सीहोर।** रामानंदजी आश्रम वासुदेव में 21 से 27 अगस्त तक श्री राम कथा का आयोजन होगा। यह आयोजन ब्रह्मलीन परम पूज्य 1008 रामानंदजी ब्रह्मचारी के आशीर्वाद से किया जा रहा है। सात दिन चलने वाली इस कथा में श्रद्धालु प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथा सुन सकेंगे। कथा वाचन पंडित नारायण शास्त्री करेंगे। आयोजन श्री रामानंदजी ट्रस्ट, बजरंग कुटी वासुदेव और समस्त भक्तगण द्वारा किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा-किसानों के साथ बीमा कंपनियां कर रहीं धोखा

# किसानों का तीसरे दिन भी जल सत्याग्रह : फसल खराब हो जाने के बाद भी नहीं मिली बीमा राशि

किसानों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों से उनकी सोयाबीन की फसल लगातार खराब हो रही है, लेकिन बीमा राशि नहीं मिली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल -सीहोर जिले के किसानों का जल सत्याग्रह लगातार तीसरे दिन भी जारी है। किसान अपनी खराब हुई फसल का बीमा भुगतान न मिलने के विरोध में कुलासी नदी भोपाल तालाब, पार्वती नदी,पारवां नदी में धरना दे रहे हैं। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में यह आंदोलन भोपाल और सीहोर जिले के विभिन्न गांवों की नदियों में चल रहा है।

किसानों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों से उनकी सोयाबीन की फसल लगातार खराब हो रही है, लेकिन बीमा राशि नहीं मिली।

किसानों का आरोप है कि बीमा कंपनी और सरकार उनके हक का भुगतान करने में लगातार विफल रही है। किसान बता रहे हैं कि उनकी केसीसी खाते से हर छह महीने में बीमा की कटौती होती है, लेकिन उन्हें पूरा मुआवजा नहीं मिला। सरकार केसीसी से बीमा राशि काटना बंद करें या बीमा की राशि का भुगतान करें।



#### किसानों के आर्थिक स्थिति हो रही खराब

किसान दौलत सिंह मेवाड़ा और गोविंद सिंह सोनी का कहना है कि फसलें खराब होने के बावजूद बीमा राशि नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ रही है। उनका मानना है कि सरकार और बीमा कंपनी किसानों को धोखा दे रही हैं और उनके मेहनत की कमाई का पूरा हक नहीं दे रही।

#### शासन प्रशासन नहीं ले रहा सुध

धरना प्रदर्शन में किसान न केवल अपनी मांगों को उठाते हुए विरोध कर रहे हैं, बल्कि शासन प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक उन्हें संपूर्ण बीमा राशि नहीं मिलेगी, उनका जल सत्याग्रह और धरना जारी रहेगा।

राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ के राष्ट्रीयअध्यक्ष शिवकुमार शर्मा उर्फ काका जी का कहना है कि बीमा कंपनियां और सरकार किसानों के साथ फ्राड कर रही है। क्लेम तो प्रीमियम राशि तो एक सेकंड में काट लिया जाता है, लेकिन मुआवजा फसल खराब होने के बाद भी नहीं दिया जाता। बीमा कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री ने यह फसल बीमा योजना बिना गजट नोटिफिकेशन के लागू कर दी है। इस कारण से किसानों को इस योजना का लाभ पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है।

#### यहां वृहत रूप में चल रहा जल सत्याग्रह

तीसरे दिन भोपाल तालाब के पास ग्राम टीला खेड़ी स्थित कोलासी नदी, ग्राम लसूडिया खास स्थित पार्वती की सहायक खाल नदी, छापरी कलां- छोटी मुंगावली के पास स्थित पर्वती नदी में वृहत रूप से किसान पानी में बैठकर विरोध कर रहे हैं। यह आंदोलन न केवल किसानों की समस्याओं को उजागर कर रहा है, बल्कि सरकार और बीमा कंपनियों पर दबाव बनाने का प्रयास भी कर रहा है। किसान जोर देकर कह रहे हैं कि उनका संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक उनका पूरा हक उन्हें नहीं मिलेगा।

## एसडीआरएफ की 24 घंटे की मशक्कत के बाद मिला मजदूर का शव

**भैरुन्दा।** सीहोर जिले के भैरुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमावार घाट पर बुधवार सुबह हुई नाव दुर्घटना में नर्मदा नदी में लापता हुए मजदूर का शव आखिरकार बरामद कर लिया गया। एसडीआरएफ सीहोर की टीम और भैरुंदा पुलिस कल से लगातार सर्च अभियान चला रही थी। गुरुवार को बड़गांव के पास नर्मदा नदी से शव बाहर निकाला गया।

पुलिस ने मृतक की पहचान नंदजी गौंड पिता बासरूपन गौंड उम्र 45 वर्ष निवासी नियाजीपुर थाना सिमरी जिला बक्सर, बिहार के रूप में की है। नंदजी मजदूरी करने के लिए डिमावार आए हुए थे। हादसा उस समय हुआ जब रेत निकालने वाली नावें आपस में टकरा गईं। हादसे के दौरान नाव में लगे इंजन की पंखुड़ी से टकराकर नंदजी गहरे पानी में गिर गए। साथ में मौजूद अन्य लोग किसी तरह बच गए, लेकिन नंदजी नदी की तेज धार में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही भैरुंदा



पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ सीहोर की टीम को बुलाया गया। अशोक पाटीदार के नेतृत्व में SDRF ने बुधवार को डिमावार घाट से नीलकंठ घाट तक लगातार सर्च अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक सफलता नहीं मिली। रात में पानी का बहाव तेज होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। गुरुवार सुबह से शुरू हुई



तलाश में बड़गांव के पास शव बरामद किया गया। इस दौरान मौके पर भैरुंदा एसडीओपी रोशन जैन, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, एसडीआरएफ अधिकारी अशोक पाटीदार सहित पुलिस बल मौजूद रहा। नंदजी गौंड की मौत की खबर जैसे ही उनके गांव नियाजीपुर (बिहार) पहुंची, परिवार और ग्रामीणों में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सरेराह बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, लोगों ने मजनुओं की ली खबर, पुलिस के हवाले किया



**सीहोर।** शहर के व्यस्ततम कोतवाली चौराहे पर दो युवको द्वारा युवतियों के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी। राहगीरों ने यह दृश्य देखा और आक्रोश में आकर आरोपी युवक को रोक लिया। भीड़ ने उन्हें जमकर पीटा और सबक सिखाया। यह घटना केवल एक मामूली झगड़े का मामला नहीं थी, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति आम लोगों के गहरे आक्रोश को दर्शाती है। कोतवाली पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी कोठरी निवासी विशाल वर्मा और उसके साथी नाबालिग लंबे समय से छेड़छाड़ और छींटाकशी की घटनाओं में शामिल थे। आज एक युवक ने युवती का हाथ पकड़ लिया, जिससे मामला गरमाया। राहगीरों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ा और उनकी जमकर खैर खबर ली। इसके बाद उन्हें पुलिस के हवाले किया गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई :** कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि विशाल वर्मा और नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में समुदाय की सतर्कता और सक्रियता महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर कार्रवाई से ही भविष्य में अन्य अपराधों को रोका जा सकता है।

## पिता के दोस्त ने किया मासूम से दुष्कर्म कोर्ट ने सुनाई अंतिम सांस तक कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नसरुल्लागंज तहसील में पांच वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। आरोपी धन्नालाल जाट पीड़िता के पिता का दोस्त था, जिसने बच्ची का अपहरण कर जंगल में दुष्कर्म किया। अदालत ने उसे अंतिम सांस तक कारावास की सजा दी है

**अपहरण कर जंगल ले गया आरोपी :** यह घटना 30 मई 2024 की है। शाम सात बजे बच्ची आंगन में खेल रही थी। तभी धन्नालाल आया और बहाने से उसे दूध व चीज दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया। देर तक बच्ची घर नहीं लौटी तो परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी।

#### मासूम ने बताई आपबीती :

करीब साढ़े नौ बजे आरोपी बच्ची को घर लाया। तब मासूम ने मां और परिजनों को बताया कि आरोपी उसे पास के जंगल में ले गया, जमीन पर पटक दिया और कपड़े उतारकर गलत काम किया। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गए और तुरंत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। अदालत ने माना अपराध सिद्ध : प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत गवाहों और वैज्ञानिक साक्ष्यों को विश्वसनीय मानते हुए आरोपी को दोषी ठहराया। धारा 366 में 5 वर्ष, धारा 363 में 4 माह और POCSO एक्ट की धारा 5(एम)/6 के तहत अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

#### पीड़ित परिवार को मिलेगा मुआवजा

न्यायालय ने पीड़ित परिवार को 1 लाख रुपये की सहायता राशि दिलाने की अनुशंसा भी की। शासन की ओर से इस मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने की। अदालत का यह फैसला समाज को संदेश देता है कि मासूमों के साथ अपराध करने वालों को कड़ी सजा मिलेगी।

### पैसों के विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**सीहोर।** नगर में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने दो भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना एक दिन पहले (20 अगस्त) रात 9:15 बजे की है। असलम खान अपने भाई अफसर खान के साथ मूडला कला रोड से घर जा रहे थे। इसी दौरान शाहिद खान उर्फ नान्टी ने उन्हें रोका। पैसों की मांग को लेकर विवाद शुरू हुआ। शाहिद ने असलम खान की पीठ में चाकू मार दिया और धक्का देकर गिरा दिया। इससे असलम के घुटने में भी चोट आई। जब अफसर खान अपने भाई को बचाने आया, तो शाहिद ने उस पर भी हमला कर दिया। उसने अफसर की छाती के नीचे पेट में और बाएं हाथ के अंगूठे में चाकू मार दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मंडी थाना पुलिस ने मामले में धारा 109, 118(1), 296, 351(2) के तहत केस दर्ज किया। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में है। टीम ने मुंडला कलां निवासी 30 वर्षीय शाहिद उर्फ नान्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## सूने घर को बनाया निशाना, अज्ञात चोरों ने उड़ाए लाखों के गहने और नकदी, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जो कि भैरूंदा पुलिस के लिए एक चुनौतियां भी साबित हो रही है। ताजा मामला नगर के गांधी चौक छोटा बाज़ार का है, जहां बीते सोमवार की रात में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीबन दो लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगर के छोटा बाजार गांधी चौक निवासी गोपेश शर्मा ने बताया कि उनकी पत्नी मायके गई हुई थी। वह अपने माता पिता के साथ दूसरे मकान में रह रहे थे। इस दौरान उनके मकान में सोमवार की रात को चोरों ने निशाना बनाया। सोने, चांदी के जेवर सहित एक लाख रुपए नगद घर से उठा ले गए। चोरी के दौरान चोरों ने पूरे घर को तहस-नहस कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही भैरुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिस प्रशासन ने मौका मुआयना किया। वही सीहोर



जिले से आए फिंगरप्रिंट और दाग स्पॉट के विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों चोरों का आतंक फैला, लगातार चोरी को दे रहे अंजाम

भैरुंदा नगर सहित ग्रामीण में भी लगातार अज्ञात चोरों का आतंक फैला हुआ है। तो वहीं लगातार नगर में चोरी को अंजाम भी दे रहे हैं। और पुलिस प्रशासन को चुनौतियां भी पूर्व में भी अलग अलग कॉलोनिया में सुने घरों में चोरों ने चोरी को अंजाम दिया था। हालांकि इनमें से छुटपुट हुई चोरियां का खुलासा भी किया है। लेकिन अब तक बड़ी चोरियों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। चोरी की घटना से परिवार आस लगाए हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने और अपराधियों को गिरफ्तार करने की दरकार भी है।

### खस्ताहाल सड़क का शीघ्र होगा निर्माण कार्य शुरू, क्षेत्रवासियों में खुशी

## तीन लाख 30 हजार की लागत से बनाई जाने वाली सड़क से क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वार्ड क्रमांक 10 के क्षेत्र के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। लंबे समय से खस्ताहाल सड़क के कारण क्षेत्रवासियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों से तीन लाख 30 हजार की लागत से बनाई जाने वाली सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों में खुशी है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता सन्नी महाजन और नपाध्यक्ष श्री राठौर का क्षेत्र के पार्षद




विवेक राठौर सहित अन्य ने स्वागत किया।

इस मौके पर वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद श्री राठौर ने बताया कि क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिव मंदिर से प्रभा राठौर तक का मार्ग काफी जर्जर हो गया था, बारिश के दिनों में खस्ताहाल सड़क के कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब शीघ्र ही इस समस्या से निजात मिलेगी और 3 लाख 30 हजार की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। इधर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता श्री महाजन ने क्षेत्रवासियों से नगर को सुंदर और स्वच्छ रखने की अपील करते हुए कहाकि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था की जा रही है, वार्डों से कचरा एकत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि शहर को नंबर बनाए जाने में अमले का सहयोग करें। भूमि पूजन के दौरान प्रमुख रूप से कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, रीना मिश्रा, रमाकांत समाधिया, ओम प्रकाश मिश्रा, डीआर मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार योगेश उपाध्याय आदि मौजूद थे।।

## पशु क्रूरता का मामला दर्जः आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने वीडियो के आधार पर पहचान की




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में पशु क्रूरता का एक मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

घटना 20 अगस्त 2025 की रात करीब 12:30 बजे की है। फॉरेस्ट कॉलोनी सीहोर निवासी हिमांशु परमार ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने पुराना बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति को गोवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते हुए देखा। शिकायतकर्ता ने घटना का वीडियो भी बनाया।

#### पूछताछ में आरोपी ने कुबूल किया जुर्म

पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण चढ़ोकर और थाना प्रभारी रविंद्र यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और शिकायतकर्ता द्वारा दी गई वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की पहचान प्यारे मियां के रूप में हुई है, जो पुराना बस स्टैंड सीहोर का रहने वाला है। उसे पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(a) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करने की अपील की

**सीहोर।** जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उददेश्य से कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों से अपील की है कि गणेश उत्सव, दुर्गा उत्सव तथा महालक्ष्मी की मिट्टी से बनी प्रतिमा का उपयोग करें। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएं मिट्टी में ही समाहित हो जाती हैं, इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएँ पानी में घुलकर पर्यावरण को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुँचातीं, जल और भूमि को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमा का उपयोग लोगों को त्योहारों को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर मनाने की प्रेरणा देता है।

### सारंग स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल आज

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिताश्री स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को पहले सेमीफाइनल मुकाबले सीहोर ने मंडला को एक तरफा मुकाबले में 2-0 से हराया और अपना स्थान प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इधर दूसरा सेमीफाइनल इंदौर-धार के मध्य खेला गया। जिसमें धार ने इंदौर को अतिरिक्त समय पेनल्टी किक के द्वारा 3-1 से विजय प्राप्त की। अंतिम समय तक दोनों ही टीम में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीम में भाग ले रही है इस प्रतियोगिता में आज पहला पहला सेमीफाइनल मैच सीहोर विरोध मंडल के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर 2 0 से विजय रही सीहोर की ओर से वंदना यादव ने दो गोल किए प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच धार विरुद्ध नेशनल क्लब इंदौर के मध्य खेला गया।

### कलेक्टर-एसपी ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाएं आयोजन की सभी तैयारियां : कलेक्टर बालागुरु के.

बैठक में निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान बिजली विभाग द्वारा मंदिर परिसर एवं पहुंच मार्गों पर पर्याप्त बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी गणेश चतुर्थी के अवसर पर सीहोर के श्री चिंतामण गणेश मंदिर दस दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### बिजली व्यवस्था के संबंध में निर्देश

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान बिजली विभाग द्वारा मंदिर परिसर एवं पहुंच मार्गों पर पर्याप्त बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत टीम एक्टिव मोड पर रखा जाए ताकि जाए जिससे किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल घटना को कंट्रोल किया जा सके। सम्पूर्ण मेला/मंदिर परिसर एवं मार्गो पर बिजली के कनेक्शन दूर एवं सुरक्षित नो-मैन जोन किये जाएं। विद्युत अधिकारियों/कर्मचारियों की 24 घंटे शिफ्ट-बार ड्यूटी लगाई जाए। मेला परिसर में बने कंट्रोल रूम में विद्युत विभाग की टीम की ड्यूटी लगाई जाये।

**साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध मे निर्देश :** बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान आयोजन स्थल पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। नगर पालिका द्वारा अस्थायी चलित शौचालयों की व्यवस्था की जाए। आयोजन स्थल पर सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाये। कचरा ढोने वाले वाहनों की व्यवस्था की जाये।

#### चिकित्सा व्यवस्था संबंधी निर्देश

बैठक में उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर एवं मेला स्थल पर सम्पूर्ण आयोजन अवधि में आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल एवं पैरामेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई जाए। आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस मय स्टाफ, जीवन रक्षक दवाओ एवं अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। आयोजन स्थल पर मिनी आईसीयू का सेटअप लगाया जाये एवं पर्याप्त संख्या में चिकित्सक मय स्टाफ की ड्यूटी 24 घंटे लगाई जाए।

**खाद्य सामग्री एवं प्रसाद की जांच संबंधी निर्देश :** उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर एवं मेला परिसर के आस-पास खाद्य सामग्री की जांच कर नकली एवं मिलावटी सामग्री के विक्रय को रोका जाए और कार्रवाई की जाए। होटल, दुकानों एवं भोजनालयों आदि की जांच करने के लिए दल गठित किया जाये।

#### सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान मंदिर परिसर एवं आस-पास श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ रहती है एवं दिन-रात आवागमन होता रहता है। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर एवं मेला परिसर के आस-पास कंट्रोल रूम स्थापित किये जाये एवं सी.सी.टी.वी कैमरे लगाये जाएं। शहर में यातायात व्यवस्था नियंत्रण एवं ट्रैफिक डायवर्सन के लिए बैरिकेड लगाये जाएं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए समुचित पुलिस, होम गार्ड, कोटवारों की ड्यूटी लगायी जाये। कंट्रोल रूम में पर्याप्त पुलिस बल जिम्मेदार अधिकारी के साथ 24 घंटे रखे जाए। रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं टोल नाको पर पुलिस कर्मचारी लगाकर आने वाली भीड़ का लगाकर आंकलन किया जाये। जिला सेनानी, होम गार्ड, एसडीआरएफ की टुकड़ियों को आपात स्थिति निर्मित होने पर आवश्यक प्रबंधन करने के लिए पाबंद किया जाए। मंदिर परिसर में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाये। मेले में लगने वाले झूलों का सुरक्षा ऑडिट किया जाये। व्यवस्था में लगाये गये सभी अधिकारी-कर्मचारी किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल कंट्रोल रूम में संपर्क करें।

#### दुकान व्यवस्था के संबंध में निर्देश

उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर परिसर एवं मंदिर पहुँच मार्गों पर किसी भी प्रकार की प्रसाद सामग्री, मनिहारी एवं अन्य दुकानें न लगायी जायें। इसके लिए नगर पालिका द्वारा पहले से ही व्यवस्थाएं कर ली जाएं। मेला परिसर में दुकानों के लिए चूने से ले-आउट डाला जाए एवं विधि अनुरूप दुकानों का आवंटन किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाये की अनुमति के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर दुकानों का संचालन न किया जाये।

#### पुलिस, परिवहन एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर पहुँच मार्ग पर विशेष पुलिस पेट्रोलिंग टीम की ड्यूटी लगाई जाए, जो पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग कराएं। इसके साथ ही पार्किंग के लिए साइन बोर्ड फ्लेक्स लगाये जायें। सीहोर नगर में भारी वाहनों का प्रबंधन एवं यातायात नियंत्रण पुलिस विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्किंग के लिए पहले ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि ट्रैफिक की समस्या न हो।

#### मार्ग सुधार के संबंध में निर्देश

उन्होंने निर्देश दिए कि मेले के आयोजन के दौरान रोड पर श्रद्धालुओं के आवागमन में समस्या न हो इसके लिए समस्त पहुँच मार्गो का सुदृढ़ीकरण कर गड्ढों की मरम्मत की जावे। ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। बैठक में उन्होंने पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, वालंटियर व्यवस्था, मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, डीएफओ अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम श्री शासकीय बालक माध्यमिक स्कूल में छात्रों को बांटी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



पीएम श्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर और रितेश मकवाना ने सात बच्चों को साइकिल दी। बच्चों को तिलक लगाया, फूलमाला पहनाई और मिठाई खिलाकर साइकिल सौंपी गई। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बच्चों को साइकिल चलाने के नियम समझाए। कहा चौराहे पर दोनों ओर देखकर पार करें। बाजार और भीड़ में सावधानी से चलाएं। राकेश वर्मा ने बताया कि 50 साइकिल स्वीकृत हुई थीं। पात्रता जांच में केवल सात बच्चे योग्य पाए गए। ये सभी स्कूल से 5 किलोमीटर के दायरे में रहते हैं। बाकी 43 बच्चे हॉस्टल में रहते हैं, इसलिए उन्हें अमान्य कर दिया गया। संस्था प्रधान रुक्मिणी दुबे ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में स्टाफ से सारिका शर्मा, रंजिता सैनी, रामनाथ मालवीय, राजेश कुमार पारे, राकेश कुमार वर्मा, रितिका दुबे मौजूद रहे।


## नगर में पीओपी मूर्तियों पर रोक, केवल मिट्टी की मूर्ति बनाने के निर्देश



**बुधनी।** मध्य प्रदेश शासन एवं नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय के निर्देशानुसार नगर में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी द्वारा नगर में विभिन्न मूर्ति निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मूर्ति निर्माताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की मूर्ति नहीं बनाई जाएं उन्होंने मूर्ति निर्माताओं को मिट्टी से बनी पर्यावरण अनुकूल मूर्ति तैयार करने हेतु प्रेरित किया और बताया कि पीओपी से बनी मूर्ति जल स्रोतों को प्रदूषित करती हैं तथा इनका विघटन बहुत समय लेता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा पीओपी पर प्रतिबंध पहले ही लगाया जा चुका है और इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे आगामी गणेश उत्सव व अन्य पर्वों में केवल मिट्टी की मूर्तियों का उपयोग करें, जिससे जल स्रोतों को सुरक्षित रखा जा सके नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान की यह कार्यवाही नगर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। निरीक्षण दल में जितेंद्र गौर, शैलेन्द्र सिंह चौहान सहायक स्वच्छता निरीक्षक,गौरव यादव आदि उपस्थित रहे।

## मूर्धन्य पत्रकार स्व. अंबादत्त भारतीय की 12वीं पुण्य तिथि पर होगी काव्य संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रदेश के मूर्धन्य पत्रकार और साहित्य मनीषी स्व. अंबादत्त भारतीय की 12वीं पुण्य तिथि 23 अगस्त को श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सीहोर जिला इकाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. ब्रजेंद्र जायसवाल ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार स्व. अंबादत्त भारतीय पत्रकार होने के साथ साथ एक कुशल नाट्यकर्मी, संवेदनशील कवि और जुझारू व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने लगभग तीन दशकों तक नगर के विद्रोही कवि स्व. जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। वह अनेक साहित्यक एवं पत्रकारों के संगठनों के संस्थापक रहे। संपूर्ण साक्षरता अभियान चलाकर उन्होंने सीहोर जिले को एक नई पहचान दी। सही मायनों में वे एक आदर्श, निडर और निष्पक्ष पत्रकार थे जिनका सम्मान पूरा प्रदेश करता था। डॉ. जायसवाल ने बताया कि स्व. अंबादत्त भारतीय को श्रद्धांजलि देने के लिए स्थानीय रेनबो प्ले स्कूल स्वामी नारायण मंदिर के समीप रेलवे स्टेशन मार्ग पर कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12.30 बजे किया जा रहा है। इस अवसर पर काव्य संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया है। उन्होंने नगर के सभी पत्रकार साथियों, साहित्यकारों और प्रबुद्ध नागरिकों से श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य संगोष्ठी में उपस्थित रहने की अपील की है।

## ग्राम बड़घाटी में आयोजित हुआ डेंटल फ्लोरोसिस शिविर




**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आष्टा के ग्राम बड़घाटी के शासकीय माध्यमिक स्कूल में डेंटल फ्लोरोसिस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में कुल 46 बच्चों एवं ग्रामवासियों की फ्लोरोसिस की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के दौरान 12 डेंटल फ्लोरोसिस के मामले पाए गए। शिविर के दौरान डॉ रुचिरा उईके एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## लगातार 11 साल से शिविर लगाकर बनाए जा रहे इको फ्रेंडली गणेश



**सीहोर।** इस वर्ष भी ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने की कार्यशाला दो दिनों के लिए चाणक्यपुरी स्थित मिनी शिर्डी धाम में आयोजित होगी। इसमें प्रतिभागी अपने हाथों से भगवान श्री गणेश की प्रतिमा बनाकर घर भी ले जा सकेंगे। गोविंद नेत्रालय एवं ब्लू बर्ड स्कूल के सौजन्य से मिनी शिर्डी धाम चाणक्यपुरी पर 25 एवं 26 अगस्त शाम 6:00 बजे से पूर्णतः निःशुल्क दो दिवसीय इको फ्रेंडली गणेश बनाना सिखाया जाएगा। इस आयोजन का यह ग्यारवाह साल है। समिति का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना और कला से जोड़ना है। कार्यशाला में मिट्टी भी संस्था द्वारा निःशुल्क दी जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन के लिए मंदिर के पुजारी जी से संपर्क कर अपना नाम लिखवा सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजक ब्लू बर्ड स्कूल के संचालक बसंत दसवानी ने बताया कि यह कार्यशाला पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और शहरवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। आम तौर पर घर मे स्थापित करने वाले गणेश भगवान की प्रतिमा पीओपी की मिलती है। मिट्टी की मूर्तियां महंगी होती हैं। जबकि मिट्टी की प्रतिमा यदि खुद श्रद्धालुओं के द्वारा बनाई जाएंगी तो उसमें ज्यादा अर्थ नहीं लगेगा।

### मिट्टी गणेश–सिद्ध गणेश अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# पर्यावरण के अनुकूल गणेश प्रतिमाओं के उपयोग के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा ग्राम पंचायत जानपुर बावडिया में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से यह पहल पूरे प्रदेश में चल रही है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। ₹मिट्टी गणेश – सिद्ध गणेश अभियान₹ के अंतर्गत विकासखंड सीहोर के अंतर्गत ग्राम जानपुर बावडिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परिषद से जुडी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जानपुर बावडिया के प्रतिनिधियों,नवांकुर संखियों एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर एवं नवांकुर संस्था प्रतिनिधि अनिल सक्सेना उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति की हेमलता पटेल सचिव मास्टर ट्रेनर ने उपस्थित समिति सदस्यों एवं नवांकुर संखियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया। विकासखंड समन्वयक ने सभी को पर्यावरण के अनुकूल गणेश प्रतिमाओं के उपयोग हेतु प्रेरित किया। और एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम स्तर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। साथ ही नवांकुर सखी योजना और मिट्टी गणेश अभियान की विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत की गई। साथ ही नवांकुर संखियों को प्रदान की गई बिजारोपित थैलियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, समिति सदस्य एवं नवांकुर सखियाँ उपस्थित रही। परामर्शदाताओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। समिति अध्यक्ष कौशल्या बाई ने सभी अतिथियों एवं समिति सदस्यों, नवांकुर संखियों एवं छात्राओं का आभार प्रकट किया।

## ईश्वर प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन हृदय की पवित्रता है : आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी




**सीहोर।** ईश्वर प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन,आंतरिक हृदय की पवित्रता है।प्राणवायु को रोक देने से,मन की गति पर भी विराम लग जाता है,दोनों के मध्य गहरा सम्बंध है,यह उदगार बिजनौर उ.प्र.से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने बुधवार को महर्षिदयानंद मार्ग गंज स्थित आर्य समाज मंदिर में जारी वेद प्रचार सप्ताह के दौरान व्यक्त किए।उन्होंने गुरुवार को प्रातः कालीन सत्र में अष्टांग योगांगों यम,नियम,आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार धारणा,ध्यान समाधि की सारगर्भित व्याख्या करते हुए पंच महाभूतों भूमि, जल,अग्नि,वायु आकाश के गुणों की अत्यंत सुंदर व्याख्या की।आचार्य वेदार्थी ने बताया कि पूर्णअहिंसक व्यक्ति का सानिध्य पाकर हिंसक प्राणी भी अपनी हिंसाव्रति का त्याग कर देता है।

इसके पूर्ण दैनिकयज्ञ के उपरांत प्रसिद्ध भजनोपदेशक प.भीष्म आर्य ने मर्यादापुरूषोत्तम श्रीराम, यौगेश्वर श्रीकृष्ण,महर्षि दयानंद सरस्वती के उत्तम जीवन चरित्र को प्रेरक द्रष्टांतों से प्रस्तुत किया ईश्वरोपासना के भक्ति तथा राष्ट्र प्रेमगीतों व भजनों की संगीतमयी प्रस्तुतियों से श्रोताओं की खूब दाद बटोरी,उनके गीत बस वही जानता है जीने की कला,जो चाहे प्राणीमात्र का भला₹ने श्रताओं का मनमोह लिया।संचालन आर्य समाज के प्रधान नरेश राठौर ने किया। कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता संतोष सिंह,पूर्वप्रधान एस.गौर, मंत्री रितेश आर्य,उपप्रधान तरूण जगवानी,रमेश राठौर,राजेन्द्र राठौर,रामदयाल राठौर,अरूषेन्द्र शर्मा बाबूलाल राठौर,राजकुमार राठौर,संदीपआर्य,अनूपकौशल, हेमराज प्रजापति चंद्रप्रकाश आर्य,सूर्यकांत आर्य सहित बड़ी संख्या में आर्यजन श्रद्धालु, महिलाएं शामिल रहीं। शांतिपाठ,जयघोष से कार्यक्रम का समापन हुआ।गौरतलब है कि 18से 24 अगस्त तक नित्य प्रातः एवं सायं 08 से 10 बजे तक यज्ञ उपरांत वेद विषयक व्याखान का क्रम जारी है।

### दुकानदार न ही देते हैं मांगने पर ग्राहकों को बिल, सरेआम खुले में पिला रहे शराब

# ओवर रेट शराब बेचना हुआ आम ग्राहकों को ठगते शराब ठेकेदार

## बस स्टैंड पर पसरी हुई है गंदगी, यात्रियों का निकलना भी मुश्किल हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

हिमालया ट्रेडर्स लायसेंस के तहत संचालित होने वाली देशी व अंग्रेजी शराब दुकान पर मनमानी का बोल बाला है। ग्राहकों को मन माने दामों पर शराब बेची जा रही है और कोई देखने वाला भी नही है। आबकारी विभाग की लापरवाही के चलते ठेकेदार ने अपनी मनमानी शुरू कर दी है। हालात यह है कि मांगने पर न ही किसी ग्राहक को बिल दिया जा रहा और न ही सही रेट पर मदिरा ही उपलब्ध करवाई जा रही। शहर में तीन अलग - अलग ठेकेदारों की शराब दुकाने है परंतु सबसे महंगी शराब ब्यावरा बस स्टैंड पर बेची जा रही है जो कि प्रिंट रेट से 25 प्रतिशत तक ज्यादा देखी गई है। इस तरह हिमालया ट्रेडर्स द्वारा संचालित शराब ठेकेदारों द्वारा ग्राहकों से लूटपाट की जा रही है जिस पर विभाग को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और मांगने पर बिल भी उपलब्ध करवाना चाहिए।




**इनका कहना है**

यदि ऐसा है तो मैं दिखवा लेती हूं। यदि सच पाया जाता है तो फिर कार्रवाई की जाएगी।

पूजा, आबकारी अधिकारी वृत ब्यावरा



### बस स्टैंड पर शराब दुकान से फैल रही गंदगी

हालात यह है कि बस स्टैंड के मुख्य द्धार पर शराब दुकान होने से वहां से यात्रियों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। महिलाओं और बच्चियों का निकलना बेहद मुश्किल होता जा रहा है वहां पर दिन भर शराबियों का जमाबडा लगा रहता है और जिम्मेदार मौप साधे हुए है। इस बारे में अधिकारी भी चुप्पि साधे हुए है परंतु क्यों ठेकेदारों के पक्ष में काम करने को मजबूर है?

### ज्यादा रेट में बेचकर कमा रहे मुनाफा

हिमालया ट्रेडर्स की बस स्टेंड दुकान के हाल यह है कि प्रिंट रेट से ज्यादा में शराब बेची जा रही है और यदि उसका बिल मांगा जाता है ता देने से मना कर दिया जाता है। बुधवार को भी यही हुआ ज्यादा रेट में बेची गई दारू का जब बिल मांगा गया तो सेल्समेन ने बिल देने से इंकार कर दिया।

# बच्चों की सुविधा हेतु शासकीय स्कूलों में आधार कैंप का किया शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

बच्चों को आधार कार्ड में आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा राजगढ़ की पहल पर बीआरसी सारंगपुर के माध्यम से सारंगपुर विकासखण्ड अंतर्गत आधार सेंटरों का शुभारंभ किया गया। वहीं विकास खंड के शा. उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर, शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचोर, शा.उ.मा.वि. धामन्दा और शा.उ.मा.वि. भ्याना में आधार केम्प का आयोजन किया जाएगा। बीआरसी बी.एल. वर्मा द्वारा बताया गया कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेना पड़ता है। छात्रों के आधार नम्बर एवं आधार अपडेट व मोबाईल नम्बर की आवश्यकता होती है जिसके कारण कई छात्र परीक्षाओं से वंचित रह जाते है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट सारंगपुर में 19 अगस्त से 27 अगस्त कन्या पचोर में 8 सितम्बर से 15 सितम्बर धामन्दा में 16 सितम्बर से 23 सितम्बर एवं भ्याना में 24 सितम्बर से 30 सितम्बर तक आधार केम्प आयोजित किए जाऐंगे। जिसमें 15 से 17 आयु-वर्ग 40 शासकीय हाई स्कूलध्हायर सेकेण्डरी व 46 अशासकीय हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी के छात्र लाभान्वित होंगे।

## ग्राम मैनाखेड़ी में हादसा, 16 वर्षीय किशोर की कुएं में गिरने से मौत


**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम मैनाखेड़ी में एक किशोर की मौत कुएं में डूबने से हो गई। जैसे ही गांव में लोगों को पता लगा शोक छा गया। जानकारी के मुताबिक कक्षा 7वी मे अध्ययनरत छात्र जयराज पिता गिरवरसिंह चैहान जिसकी उम्र 16 वर्ष थी। वह सोमवार को शाम चार साढ़े चार बजे के लगभग खेत की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में खेत पर स्थित कुएं के पास पानी पीने गया तब उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खोकर सीधे कुएं में जा गिरा। जहां उसकी दुखद मौत हो गई। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने उस बालक को कुये से बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।इस दुखद घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है और परिजन दुःखी हो रहे। पुलिस द्वारा जयराज चैहान का मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंपा। जिसका गांव में अन्तिम संस्कार किया।बालक जयराज चैहान गांव के शासकीय स्कूल में ही कक्षा सातवीं में अध्यनरत था।



## अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए रमेश गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह चौधरी, राष्ट्रीय सलाहकार विष्णुप्रसाद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं म.प्र. प्रभारी मेहरबानसिंह चौधरी की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष भगवतीलाल चौधरी की अनुशंसा पर पढ़ाना क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी सारंगपुर मार्केटिंग प्रबंधक रमेश चंद गुर्जर को उनकी समाज के प्रति सक्रियता, लगन, निष्ठा, समर्पण एवं उत्तम व्यवहार को देखते हुए अखिल भारतीय मेवाड़ा गायरी महासभा का राजगढ़ जिले का जिलाध्यक्ष आगामी 3 वर्ष तक के लिए नियुक्त किया गया है। साथ ही उनको महासभा की रीति नीति अनुसार कंधे से कंधा मिलाकर तन, मन, धन से महासभा को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने एवं समाज की उन्नति में सहयोग प्रदान करने की अपील की। गुर्जर के जिला अध्यक्ष बनने पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल पूर्व विधायक कुंवर कोठार ऊपेंद्र सिंह छावरी निर्मल जैन पर्वत सिंह मंडलोई सहित जिले के समाज जनो तथा इष्ट मित्रों ने बधाई दी।



### बिजली कंपनी के खिलाफ की नारेबाजी

**विदिशा।** अंबार और नादौर गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर बिजली समस्या के समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और बिजली कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई सालों से अघोषित बिजली कटौती झेल रहे हैं। दिन में घरेलू सप्लाई का करंट खेतों की पंप लाइन में डायवर्ट कर दिया जाता है। इससे आबादी वाले क्षेत्रों में व्यापक कटौती होती है। गांवों में बिजली रात 12 से 1 बजे के बाद ही मिलती है। बिजली कटौती से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को परेशानी होती है। अंधेरे में दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से नियमित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय निवासी दीपांश चौकसे ने कहा कि सरकार का 24 घंटे बिजली देने का वादा धरातल पर विफल हो चुका है। गांवों में लोग रात में भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

## नीति आयोग आकांक्षी अंतर्गत सम्मान समारोह आयोजित हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय महाविद्यालय राजगढ़ के सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। साथ ही पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्ररसिंह सोंधिया, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,नगर पालिका अध्यक्ष राजगढ़ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से अधिकारी श्याम बाबू खरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। वही जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे। इस अवसर पर सारंगपुर से परियोजना अधिकारी केदार शर्मा, पर्यवेक्षक प्रमिला सक्सेना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोना शर्मा, शोभा टेटवाल एवं तारा पवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## इंदौर पब्लिक स्कूल से निखिल जाटव का संभाग स्तर पर चयन

**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 9वीं के छात्र निखिल जाटव, पिता राकेश जाटव ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निखिल का चयन 17 कबड्डी प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर हुआ है। वे कल से सिहोर में आयोजित होने जा रही संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक ओवेश सर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र निखिल को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



# अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण में लापरवाही करने पर लेखापाल निलंबित

## प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्ताव शासन को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय मल्हारपुरा, संकुल केन्द्र शासकीय हाई स्कूल भानपुरा के सहायक अध्यापक बनेसिंह वर्मा का सेवा काल में निधन हो गया था। उनके आश्रित नरेन्द्र वर्मा को शासनादेशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के स्थान पर एकमुश्त आर्थिक सहायता राशि 100000 स्वीकृत की गई थी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजगढ़ द्वारा आदेश क्रमांक /स्था./अनु.नि./2023/2694 दिनांक 10 जुलाई 2023 जारी किया गया था। उक्त आदेश के बावजूद, संबंधित प्रभारी प्राचार्य रमेशचंद्र दांगी व लेखापाल जगदीश बैरागी द्वारा देयक तैयार कर भुगतान हेतु आहरण संवितरण अधिकारी को प्रस्तुत नहीं किया गया। फलस्वरूप, शासनादेश की अवहेलना हुई और हितग्राही को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा से वंचित रहना पड़ा।

कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लेखापाल जगदीश बैरागी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही प्रभारी प्राचार्य रमेशचंद्र दांगी के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, भोपाल संभाग, भोपाल को प्रेषित किया गया है।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले शिक्षिका व शिक्षक को किया सम्मानित



**खुजनेर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर राजगढ में प्रशाशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने नवाचार के लिए शा.क.उ.मा.वि.खुजनेर की शिक्षिका माया यादव एवं शा. मॉडल के शिक्षक गोविन्द प्रसाद गुप्ता को जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप विधायक अमर सिंह यादव एवं कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सम्मानित किया गया।

# संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

संस्कार कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल तलेन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण के जीवन की कहानी मधुर गीत नित्य प्रस्तुत किया जन्माष्टमी पर्व के मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण राधा का रूप धारण किया वह विद्यालय द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापकों ने भगवान श्री कृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके आदर्श अपने का आह्वान किया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक देव सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया द्वारा किया गया। इस अवसर पर "वसुधैव कुटुम्बकम तथा भारतीय ज्ञान परंपरा" विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ.ममता खोईया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना भारतीय संस्कृति में प्राचीनकाल से विद्यमान है। भारत सदा से पूरे विश्व को एक परिवार मानता आया है तथा सभी प्राणियों के कल्याण की कामना करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार दूध में शक्कर घुलकर एकरस हो जाती है, उसी प्रकार भारत की संस्कृति में बाहर से आने वाले लोग सहज रूप से समाहित हो जाते हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रीतम गुनवा ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की शुरुआत हमें अपने घर से करनी चाहिए। परिवार, गाँव, शहर, राज्य, देश और अंततः पूरी दुनिया तक इस अवधारणा को ले जाकर हम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. अर्चना वर्मा ने समाजसेवा पर बल देते हुए कहा कि जब व्यक्ति समाज के लिए कार्य करता है और दूसरों को प्रेरित करता है, तभी समाज का विकास होता है, और समाज के विकास से राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है। इसके अतिरिक्त डॉ. शिवराज सिंह राठौड़, डॉ. फारूक पठान तथा छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें सलोनी पुष्पक, रोशनी विश्वकर्मा और पूजा विश्वकर्मा ने नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं चारु पुष्पद, निशा सेन, निशा राजपूत, दीप्ति राजपूत, दुर्गेश चंद्रवंशी, सलोनी पुष्पद, पूजा विश्वकर्मा और रोशनी विश्वकर्मा ने संगीतबद्ध गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व शांति और सौहार्द विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें विनोद विश्वकर्मा ने प्रथम तथा सलोनी पुष्पद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### यात्रा का खिलचीपुर से प्रारंभ होकर कामखेड़ा में हुआ समापन

# पंडित रोहित नागर के नेतृत्व में निकली हिन्दू राष्ट्र यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

नगर में मंगलवार को पंडित रोहित नागर, संत पागलदास, पंडित हरिनारायण वैष्णव के सानिध्य में पंचमुखी बजरंग बली मंदिर से कामखेड़ा बालाजी तक मोटरसाइकिल यात्रा निकाली। यात्रा की शुरुआत में सभी संतों का स्वागत किया गया। खिलचीपुर नगर के मुख्य मार्गों से पैदल निकली यात्रा के दौरान पंडित रोहित नागर ने अपने संबोधन में कहा यह यात्रा हिंदू राष्ट्र के लिए खिलचीपुर से कामखेड़ा तक निकाली जा रही है , अगले वर्ष यहां यात्रा पूरे जिले में निकाली जाएगी पूरे जिले को भगवामय किया जाएगा।

डीजे ढोल के साथ निकली गई यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं संतो का स्वागत ओर आरती की गई। यात्रा के दौरान भगवा झंडे लहराए गए वही जय जय श्री राम के जमकर नारे लगे, जाति का भेद छोड़ो हम सब हिन्दू एक है, बांटोगे तो काटोगे के नारे लगे। यात्रा के दौरान पूरा नगर भगवा मय हो गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह , पूर्व राज्य मंत्री रघुनंदन शर्मा, मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, संदीप शर्मा, जिला महामंत्री अमित शर्मा, जिला मंत्री ईश्वर सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, जनपद अध्यक्ष सुनील नैनवात भी इस यात्रा में शामिल हुए। नगर के भोजपुर नाके से यह यात्रा बाइक और चारपहिया वाहनों से कामखेड़ा पहुंची इसके बीच में आने वाले गांव दोलाज, भोजपुर, सेमली, सरहदी, घाटोली, अकलेरा में भी सनातन भक्तों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कामखेड़ा में महाआरती और भंडारे में सभी भक्त शामिल हुए।




## कृष्ण सुदामा और राजा परीक्षित चारित्र वर्णन के साथ भागवत कथा का समापन



**माचलपुर।** नगर में स्वर्गीय चांदमल माधावत परिवार द्वारा सात दिवसीय भागवत महापुराण का मंगलवार शाम को समापन हुआ। संगीतमय भागवत महापुराण का वाचन भागवत मर्मज्ञ प्रवक्ता कथा व्यास पंडित शिवदयाल भार्गव द्वारा 13 मार्च से किया जा रहा है। कथा श्रीकृष्ण भगवान की अनेक लीलाओं का वर्णन किया प्रथम दिवस धुंधकारी मोक्ष परीक्षित श्रष्टि प्रकरण ओर अंतिम दिवस सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया कथा कार द्वारा कृष्ण की सुदामा मित्रता का कथा मर्मज्ञ ने सुंदरवर्णन करते हुवे कहा की जब जब भी भक्तो पर विपदा आई है प्रभु तारण करने जरूर आए हैं। कथा में सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो गए कृष्ण सुदामा रूपी पात्र ने इस चरित्र को मानो जीवित ही कर दिया हो अगले प्रसंग में ऋषि के श्राफ के बाद शुक्रदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भगवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता और राजा परीक्षित को डस लेता है! राजा परीक्षित कथा श्रवण के कारण भगवान के परमथाम को पहुंचते हैं! हवन कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ श्रीमद्भगवत कथा का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप

### अंबादत्त भारतीय की 12वीं पुण्य तिथि पर होगी काव्य संगोष्ठी



**सीहोर।** प्रदेश के मूर्धन्य पत्रकार और साहित्य मनीषी स्व. अंबादत्त भारतीय की 12वीं पुण्य तिथि 23 अगस्त को श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की सीहोर जिला इकाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार स्व. अंबादत्त भारतीय पत्रकार होने के साथ साथ एक कुशल नाट्यकर्मी, संवेदनशील कवि और जुझारू व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने लगभग तीन दशकों तक नगर के विद्रोही कवि स्व. जनार्दन शर्मा स्मृति सम्मान समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। वह अनेक साहित्यक एवं पत्रकारों के संगठनों के संस्थापक रहे। संपूर्ण साक्षरता अभियान चलाकर उन्होंने सीहोर जिले को एक नई पहचान दी। सही मायनों में वे एक आदर्श, निडर और निष्पक्ष पत्रकार थे जिनका सम्मान पूरा प्रदेश करता था। डॉ. जायसवाल ने बताया कि स्व. अंबादत्त भारतीय को श्रद्धांजलि देने के लिए स्थानीय रेनबो प्ले स्कूल स्वामी नारायण मंदिर के समीप रेलवे स्टेशन मार्ग पर कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12.30 बजे किया जा रहा है। इस अवसर पर काव्य संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया है। उन्होंने नगर के सभी पत्रकार साथियों, साहित्यकारों और प्रबुद्ध नागरिकों से श्रद्धांजलि सभा एवं काव्य संगोष्ठी में उपस्थित रहने की अपील की है।

### किड्ज़ पैलेस स्कूल में स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व रक्षाबंधन का संयुक्त उत्सव मनाया

**चापड़ा।** किड्ज़ पैलेस स्कूल में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं रक्षाबंधन का संयुक्त भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। जन्माष्टमी के अवसर पर छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप धारण कर आकर्षक झाँकी प्रस्तुत की। वहीं, रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधकर भाई-बहन के स्नेह का संदेश दिया।

## धर्मांतरण: सोशल मीडिया पर एक स्कूल संचालक पर लगाए संगीन आरोप

# एसपी को सौंपा आवेदन, आरोप लगाने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराए जाने की मांग

### आहत संचालक ने भेजा एक करोड़ का मानहानि नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले में धर्मांतरण मामले ने नया मोड़ ले लिया है। हाउसिंग कॉलोनी निवासी और प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड स्कूल के संचालक जॉली कूरियन पर सोशल मीडिया के जरिए गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कुछ लोगों ने पोस्ट डालकर कूरियन को धर्मांतरण में सहयोगी बताया, जिससे यह मामला और विवादित हो गया है। वायरल पोस्ट ने पूरे जिले में चर्चा का माहौल बना दिया है।


इससे आहत संचालक जॉली कूरियन ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। साथ ही उन्होंने आरोप लगाने और पोस्ट वायरल करने वालों पर एक करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भी भेजा है। कूरियन का कहना है कि बिना आधार और तथ्यों के उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है।

#### पोस्ट में लगाए गए यह आरोप

वायरल पोस्ट में लिखा गया है कि ऑक्सफोर्ड स्कूल के मालिक जॉली कूरियन लंबे समय से हिंदुओं को ईसाई बनाने वाले गिरोह को कानूनी और आर्थिक सहयोग देते रहे हैं। आरोप लगाया गया कि वह प्रत्यक्ष सामने नहीं आते, बल्कि जयचंद जैसे लोगों को आगे करते हैं। यहां तक कि धर्मांतरण के आरोपी जब्बार खान की जमानत के लिए बाहरी वकील बुलवाए गए और लोकल वकील देवेंद्र वर्मा को आगे किया गया।

#### पोस्ट में दी गई अपील

वायरल संदेश में लोगों से अपील की गई कि ऑक्सफोर्ड स्कूल में बच्चों को शिक्षा दिलाने से पहले सोच-समझकर निर्णय लें। लिखा गया कि यदि अभिभावक वहां बच्चों को पढ़ाएंगे तो भविष्य में पछताना पड़ सकता है। साथ ही सीहोर जिला अधिवक्ता संघ की भूमिका की सराहना करते हुए कहा गया कि उन्होंने जमानत खारिज करवाने में मदद की।



Jolly Kurian
25m ·

प्रिय बन्धुजन,

हमने विगत 35 वर्षों में,

हजारों परिवारों में शिक्षा का दीप जलाया,

सैंकड़ो, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, एडवोकेट, जजेज, आईटी प्रोफेशनल, ब्युरोक्रेटस् प्रशासनिक अधिकारी, बैंक मैनेजर, शिक्षक, प्रोफेसर्स, सभ्य नागरिक बनाए

हजारों छात्रों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभायी

हमने किसी को ईसाई नही बनाया



Pavan Pathak, Dharmendra Rai और 98 अन्य लोगों के साथ हैं.
4 घंटे ·

जाग जाओ रे हिंदुओं
ऑक्सफोर्ड स्कूल के ऑनर जॉली कुरियन हिंदुओं को ईसाई बनाने अर्थात धर्मांतरित करने वालों के कानूनी एवं आर्थिक सहयोगी शुरू से ही रहे हैं वह स्वयं प्रत्यक्ष सामने ना आकर कुछ जयचंद हिंदुओं को सामने रखते हैं उदाहरण के लिए जब्बार खान जो धर्मांतरण का बड़ा रैकेट सीहोर में चला रहा था उसको छुड़ाने के लिए न्यायालय में बाहर से वकील बुलवाना और लोकल अधिवक्ता के रूप में देवेंद्र वर्मा जयचंद को सामने खड़ा करके जमानत चाही गई परंतु न्यायालय की दृष्टि में गंभीर आरोप होने के का... और देखें

#### हमने किसी को ईसाई नहीं बनाया

ऑक्सफोर्ड स्कूल के संचालक जॉली कूरियन ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से जवाब देते हुए कहा कि प्रिंय बंधुजन, हमने विगत 35 वर्षों में, हजारों परिवारों में शिक्षा का दीप जलाया, सैकड़ों, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, एडवोकेट, जजेज, आईटी प्रोफेशनल, ब्यूरोक्रेट्स, प्रशासनिक अधिकारी, बैंक मैनेजर, शिक्षक, प्रोफेसर्स, सभी नागरिक बनाए हैं। हजारों छात्रों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई है।हमने किसी को ईसाई नहीं बनाया।

#### प्रतिष्ठा को लगा धक्का

कूरियन का कहना है कि इस तरह के निराधार आरोपों से न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि बल्कि स्कूल की साख पर भी सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि उनके परिवार को मानसिक आघात पहुंचा है। ऐसे में वह चाहते हैं कि आरोप लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की लापरवाही न करे।

#### कानूनी कार्रवाई की तैयारी

मानहानि नोटिस भेजकर कूरियन ने साफ कर दिया है कि वह अपनी प्रतिष्ठा से कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने पुलिस से भी अपील की है कि ऐसे अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि इस मामले में पुलिस जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है और मानहानि के इस बड़े दावे का क्या असर पड़ता है।

# शहर में बेरहमी से कुत्ते पकड़ने का आरोप

### डॉग के लिए बेहतर व्यवस्था की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में स्ट्रीट डॉग की समस्या को लेकर नगर निगम और लोगों के बीच टकराव बढ़ गया है। बुधवार को निगम ने एक वार्ड से कुत्तों को पकड़ा तो कुछ रहवासियों ने इसका विरोध किया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

लोगों का आरोप है कि नगर निगम कुत्तों को बहुत बेरहमी से पकड़ रहा है। उनका कहना है कि निगम सिर्फ नसबंदी का नाम लेता है, लेकिन सही काम नहीं करता। कुत्तों की संख्या पर अब तक कोई असर नहीं पड़ा है।लोगों की मांग है कि कुत्तों को पकड़ने से पहले उनके लिए रहने और खाने-पीने की व्यवस्था की जाए। अभी नगर निगम के पास ऐसी कोई योजना नहीं है।शहर में कुत्तों के हमले की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। हाल ही में एक स्कूली बच्चे पर कुत्तों के हमले का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोग कुत्तों को शहर से बाहर करने की मांग कर रहे हैं।हालांकि बुधवार को प्रदर्शन में लोग कुत्तों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की मांग कर रहे थे। नागरिकों का कहना है कि समस्या का हल कुत्तों को मारना या बेरहमी से पकड़ना नहीं है, बल्कि उनके लिए सही और सुरक्षित व्यवस्था करना जरूरी है।

#### निगम उपायुक्त जाफरी ने किया निरीक्षण

**देवास।** बुधवार को शंकरगढ़ क्षेत्र स्थित निगम के टेंचिग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन डॉग हाउस का उपायुक्त जाकिर जाफरी ने निगम अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर शेष बचे निर्माण कार्य को 7 दिवस की समयावधि में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि डॉग हाउस में श्वान के बधियाकरण किए जाने के लिए पर्याप्त साधन संसाधन उपलब्ध कराए जाने हेतु कार्रवाई प्रारंभ करें। उपायुक्त ने डॉग हाउस के पहुंच मार्ग को व्यवस्थित करने और वहां पेयजल आपूर्ति करने तथा विद्युत व्यवस्था करने सहित अन्य समस्त कार्यों की भी समीक्षा की। डॉग हाउस के समीप एक अतिरिक्त शेड स्थापित करने के उपायुक्त ने निर्देश भी निरीक्षण के दौरान दिए गए। जाफरी ने श्वान के बधियाकरण के कार्य में और अधिक प्रगति लाने के लिए पशु चिकित्सक डॉक्टर उर्वशी चौधरी से भी चर्चा की।

# एक महीने पहले जला ट्रांसफार्मर अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीण

### ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जलने की बिजली कंपनी को दी थी सूचना, फिर भी नहीं बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

बमुलिया रायमल गांव में एक महीने से ट्रांसफार्मर जला पड़ा है बिजली कंपनी को सूचना दी जा चुकी है इसके बाद भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया गांव के कई लोग दूसरी डीपी से तार जोड़कर बिजली चला रहे हैं कुछ लोग अब भी अंधेरे रहने को मजबूर है उपभोक्ता सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि रोड किनारे लगा ट्रांसफार्मर 1 महीने पहले जल गया था जीसकी जानकारी कंपनी के अधिकारियों को दे दी गई है इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है उन्होंने कहा हम पर कोई बकाया नहीं है फिर भी बिजली नहीं मिल रही जीन उपभोक्ताओं पर बकाया है उनकी बिजली काटी जाए हमारी बिजली चालू की जाए। रक्षाबंधन जन्माष्टमी त्योहार ग्रामीणों ने अंधेरे



में मनाया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो बाकी चालू डीपी भी बंद हो जाएगी क्योंकि सभी लोग वहीं से तार जोड़कर बिजली ले रहे हैं बरसात के मौसम में बिजली की आवाजाही से लोग पहले ही परेशान है सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को हो रही है जिनका काम बिजली पर निर्भर है।

### रिद्धी सिद्धी नवयुवक गजानंद मंडल का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



**आष्टा।** नगर में विभिन्न चैराहो एवं कालोनियों में गणेशा स्थापना की धूम प्रारंभ हो चुकी है। इसी आयोजन के तहत रिद्धी सिद्धी नवयुवक गजानंद मंडल पुष्प कल्याण हास्पिटल के सामने अंजनी नगर फेस 4 में आज गजानंद की स्थापना के तहत भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं.श्रवण गुरू, पं. राकेश गुरू सहित मंडल के समस्त कार्यकर्ता के साथ पूर्ण विधि विधान से भूमि पूजन किया एवं आगामी स्थापना की तैयारिया प्रारंभ की। इस अवसर पर जगन्नाथसिंह ठाकुर, रतनसिंह ठाकुर, शुभम ठाकुर, धर्मेन्द ठाकुर, राहुल परमार, राघवेन्द्र बैरागी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंडल के समस्त कार्यकर्ताओ ने नगर के नागरिको से निवेदन किया है कि गणेश जी के स्थापना कार्यक्रम एवं विभिन्न आयोजनो में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करे।

# अगर संविधान पूरी तरह लागू हो जाए तो देश की हर समस्या का समाधान हो सकता है: रमाकांत पिप्पल







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

डॉ अम्बेडकर धर्मशाला सीहोर में बहुजन समाज पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन और संगठन समीक्षा को लेकर आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इंजीनियर रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा मध्य प्रदेश, कार्यक्रम में संगठन कैसे मजबूत करें और जैसी बहन मायावती की सोच है सर्व समाज के शोषित वंचित समाज को अधिकार दिलाना और उनके हक के लिए लड़ना और बसपा महापुरुषों की विचारधारा पर चलती और हमारा कोई भाजपा कांग्रेस की तरह झूठा घोषणा पत्र नहीं हो। हमारा घोषणा पत्र तो भारतीय संविधान हैं और संविधान पूरी तरह लागू हो जाएं तो देश की हर समस्या का समाधान हो सकता है। श्री पिप्पल ने कहा संगठन को मजबूत करना जरूरी है जिले विधानसभा,और सेक्टर पदाधिकारी को मार्गदर्शन दिया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित कमलेश दोहरे जोन प्रभारी ने जिला, विधानसभा, सेक्टर के पदाधिकारियों के कार्य की समीक्षा की। आगामी कार्यक्रमों के संबंध में दिशा निर्देश दिए। बसपा के शासन कार्य व बहन मायावती पूर्व मुख्यमंत्री यूपी के दिशा निर्देश से अवगत कराया। विशेष अतिथि अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी सीहोर व अतिथि एमपी सागर जिला प्रभारी सीहोर द्वारा संबोधित करते हुए सेक्टर संगठन को मजबूत करने पर अपने विचार रखें। विधानसभा कमेटी के अनुपस्थित व सेक्टर गठन का टारगेट पूर्ण नहीं करने वाले पदाधिकारी को चिन्हित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और आभार व्यक्त संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महासचिव भारती द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी, एनपी सागर जिला प्रभारी, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष, नरसिंह भारती जिला महासचिव, कोमल नागर जिला सचिव, हरिओम बौद्ध जिला कोषाध्यक्ष, आनंद घावरी जिला संयोजक, बद्रीलाल कटारिया, धनराज थेरेल, धर्मेन्द्र कचनेरिया, देवराज पैरवाल, राकेश बौद्ध, देवराज मालवीय, जितेंद्र मकवाना, देवकरण कुरल, अर्जुन पैरवाल, मुकेश मालवीय, धर्मेन्द्र बोयत, जयराम कुरल, लक्ष्मीनारायण अहिरवार, धीरप अहिरवार, कमल किशोर जाटव, घनश्याम जाटव, थान सिंह, बटनलाल गैलेरिया, लखनलाल बड़ोदिया, देव वक्स बामनिया, सरोज कुमार मालवीय, मंथन बरखने, बलराम पैठारी, अर्जुन बौद्ध, जितेन्द्र जाटव, हरिशंकर मेहरा, रामदीन पैठारी, रोशन बरखने, आशीष गोदरे, जितेन्द्र कदम, प्रदीप बरखने, महेश जाटव सहित बडी संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आत्मा को सजाने का पर्व है पर्युषण: सचिन भंडारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी एवं ऋषभ जैन के निर्देशन में धर्मनाथ स्वामी जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व की आराधना के प्रथम दिन स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने अष्ठानिका के प्रवचन में उपस्थित समाज जनों को जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि पर्व दो प्रकार के होते हैं लौकिक और लोकोत्तर लौकिक पर्व बाहरी साज-सज्जा मौज शौक शरीर को सजाने वाले होते हैं जैसे अच्छा खाना पीना घूमना अच्छे कपड़े पहनना वहीं लोकोत्तर पर व आत्मा को स्वच्छ निर्मल सजाने का कार्य जप



तप साधना आराधना के माध्यम से किया जाता हैं पर्युषण महापर्व के प्रथम दिन बुधवार को 5 कर्तव्यो के बारे में बताया गया जिसमें अमारी प्रवर्तन, साधार्मिक वात्सल्य, क्षमापना अंठम तप ,चैत्य परिपाटी के बारे में समझाया गया प्रतिदिन पर्युषण महापर्व में भक्तांबर स्नात्र पूजा प्रवचन, प्रतिक्रमण ,आरती, भक्ति विभिन्न प्रकार की धार्मिक प्रतियोगिताएं संपन्न की जाएगी 24 तारीख को भगवान महावीर स्वामी का जन्म वांचन का भव्य समारोह मनाया जाएगा जिसमें 14 महास्वप्न पालना जी आरती,आदि का चढ़ावा बोला जाएगा 27 तारीख को सावंत्सरिक महापर्व प्रतिक्रमण के माध्यम से सभी जीवों से क्षमा याचना कर मनाया जाएगा व ऊक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### कुश्ती चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किया पहलवानों का सम्मान

# श्रीराम व्यायाम शाला के पहलवानों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्रदेश के विदिशा जिले में आयोजित राष्ट्रीय ओपन (महिला/पुरुष) कुश्ती चैंपियनशिप में जावर के श्रीराम व्यायाम शाला के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर नगर और क्षेत्र का मान बढ़ाया। लक्की पहलवान, राजा बली पहलवान, रिंकू मालवीय, कृष्णा पाल पहलवान, पप्पू पहलवान और अभि पहलवान ने अपने-अपने वर्ग में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि सही प्रशिक्षण, अनुशासन और कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस सफलता का श्रेय श्रीराम व्यायाम शाला के प्रशिक्षक उस्ताद हरपाल सिंह ठाकुर के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत को जाता है। जावर लौटने पर खिलाड़ियों के उत्कर्ष प्रदर्शन के लिए उनका सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धि से न केवल जावर का नाम खेल जगत में रोशन हुआ है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को भी नई प्रेरणा मिलेगी।

युवाओं को नशे और बढ़ती बुरी आदतों से दूर कर खेल की ओर मोड़ना बेहद आवश्यक है, और इन पहलवानों की सफलता इस दिशा में एक मजबूत कदम है। इस अवसर पर




बलजीत सिंह चौहान भाजपा प्रदेश मंत्री अजा मोर्चा, संतोष कुमार जैन, संजय पांचाल, पवन मालवीय, रिंकू ठाकुर, रवि खरे, प्रद्युम्न वैद्य, रवि लोधी, अमन वैद्य, शुभम वैद्य, जतिन, ओमप्रकाश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नव चेतना सेवा समिति ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



समिति के सक्रिय और समर्पित सदस्य स्व. फूल सिंह मालवीय का आकस्मिक निधन हो गया समिति द्वारा उनके परिवार को 60,500 की सहयोग राशि बच्चों की शिक्षा हेतु प्रदान की गई है, ताकि उनके सपनों की राह बाधित न हो। समिति ने उनके प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सक्रियता, सजगता व समर्पण को हमेशा याद रखेगी। उनका समाज सेवा का योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

जब नव चेतना सेवा समिति की स्थापना समय आया तो फूल सिंह मालवीय द्वारा निरंतर सामाजिक जागरूकता और लोगों को समाज के उन आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बच्चों की शिक्षा के लिए प्रेरित किया और नव चेतना सेवा समिति परिवार का हिस्सा बनाया, ताकि यह संगठन समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को शिक्षा से संबंधित मदद कर सके। ओर सभी साथियों के अमूल्य प्रयासों से आज नव चेतना सेवा समिति को 3 वर्ष पूर्ण हुए। फूल सिंह मालवीय और देवसिंह मालवीय अध्यक्ष के रूप में गहरा संबंध रहा। फूल सिंह मालवीय हमेशा परिवार के हित से आगे हमेशा समाज के हित को आगे रखते थे। वह पक्के समाज के चिंतक और सजग प्रहरी थे। उन्होंने इस छोटी सी जीवन यात्रा में केवल 49 वर्ष की आयु में 36 बार उन्होंने समाज के लिए रक्त दान किया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य व शक्ति प्रदान करें। इस दौरान अध्यक्ष देवसिंह मालवीय सचिव केसी विलोदिया, जिला अध्यक्ष भवानी सिंह मालवीय, रामचरण मालवीय सेवानिवृत्त लाइनमैन, प्रभुलाल मालवीय सेवानिवृत्त शिक्षक, रामसिंह मालवीय, जनशिक्षक धर्मेंद्र मालवीय, राजेश चौहान उपस्थित थे।